Alberta

न्यूज़ रिलीज़

अगले सप्ताह अल्बर्टा में फ्लू वैक्सीन उपलब्ध होगी

13 अक्टूबर, 2022 मीडिया पूछताछ

17 अक्तूबर से छह महीने और इससे अधिक आयु के अल्बर्टा निवासी फ्लू टीका लगवा सकते हैं।

65 वर्ष से अधिक आयु के अल्बर्टा निवासी उच्च-खुराक फ्लू टीका प्राप्त करने के पात्र हैं, जबकि ऐसे व्यक्ति जो छह महीने से 64 वर्ष की आयु के हैं, वे नियमित खुराक प्राप्त करेंगे। इन दोनो टीकों से लोगों को इंफ्लूएंजा वायरस के चार सामान्य स्ट्रेन्स से सुरक्षा मिलती है।

अपने टीकाकरण अपॉइंटमेंट की बुकिंग करवाना

17 अक्टूबर से इंफ्लूएंजा टीके भागीदारी करने वाली फार्मेसियों, कुछ सामुदायिक मेडिकल क्लिनिकों और चुनिंदा एएचएस (AHS) स्थलों पर उपलब्ध होंगे।

bookvaccine.alberta.ca पर अल्बर्टा वैक्सीन बुकिंग सिस्टम के ज़रिए या 811 पर हेल्थ लिंक को कॉल करके बुकिंग करवाई जा सकेगी।

कुछ फार्मेसियों पर वॉक-इन सुविधा भी उपलब्ध होगी। यदि आपकी स्थानीय फार्मेसी बुकिंग प्रणाली में सूचीबद्ध नहीं है, तो उनसे सीधे संपर्क करें या अपने आसपास किसी फार्मेसी का पता लगाने के लिए bluecross.ca को देखें।

टीकाकरण कहां से करवाएं

17 अक्टूबर से निम्नलिखित को इंफ्लूएंजा टीका मुफ्त में उपलब्ध होगा:

- फार्मेसियों और कुछ सामुदायिक मेडिकल क्लिनिकों पर पांच वर्ष और इससे अधिक आयु के अल्बर्टा निवासी।

- कुछ सामुदायिक मेडिकल क्लिनिकों पर छह महीने और इससे अधिक आयु के अल्बर्टा निवासी।

अल्बर्टा हेल्थ सर्विसेज़ द्वारा निम्नलिखित को अपने पब्लिक हेल्थ क्लिनिकों के माध्यम से टीके उपलब्ध कराए जाएंगे:

- पांच वर्ष से कम आयु के बच्चे और उनके परिवार तथा घर के सदस्य।
- ऐसे व्यक्ति जिनके पास प्रॉविंशियल हेल्थ केयर नम्बर नहीं है।
- ऐसे व्यक्ति जो ऐसे समुदाय में रहते हैं जहां पर कोई अन्य टीकाकरण स्वास्थ्य-देखभाल प्रदाता नहीं हैं।

महत्वपूर्ण तथ्य

- अल्बर्टा सरकार ने अल्बर्टा के निवासियों के स्वास्थ्य की रक्षा में मदद करने के लिए इंफ्लूएंजा टीके की 1.9 मिलियन खुराकों का ऑर्डर दिया है।
- 2021-22 के लिए अल्बर्टा सीज़नल इंफ्लूएंजा संख्या:
  - 2,906 प्रयोगशाला से पुष्ट इंफ्लूएंजा के मामले और इंफ्लूएंजा-संबंधित 14 मौतें हुई थीं।
  - प्रॉविंशियल टीकाकरण दर 27 प्रतिशत थी।
  - लगभग 82 प्रतिशत दीर्घकालिक देखभाल वाले निवासियों का टीकाकरण किया गया था।
  - छह महीने से 23 महीने की आयु के लगभग 52 प्रतिशत बच्चों ने इंफ्लूएंजा टीके की कम से कम एक खुराक प्राप्त की थी।
  - 65 वर्ष और इससे अधिक आयु के लगभग 65 प्रतिशत वरिष्ठ नागरिकों का टीकाकरण किया गया था।
  - समस्त इंफ्लूएंजा टीकाकरणों में से 75 प्रतिशत फार्मेसियों ने किया था।

सम्बंधित जानकारी

- अपना अल्बर्टा टीकाकरण बुक करें (इंफ्लूएंजा और कोविड-19)
- इंफ्लूएंजा के बारे में